# वकीलों की जायज मांग पर शहर ने लगाई समर्थन की मोहर, नीमच रहा संपूर्ण बंद

**नीमच। नीमच में नए कोर्ट भवन में वकीलों और पक्षकारों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था की मांग को लेकर प्रदर्शन लागातार जारी है। जिला अभिभाषक संघ के आंदोलन को सात दिन हो गए हैं। आज सोमवार को संघ के आह्वान पर नीमच शहर पूर्णतः बंद रहा।**



अभिभाषक संघ द्वारा शहर के प्रमुख मार्गों पर विशाल वाहन रैली निकाली गई। इस रैली में वकीलों के साथ विभिन्न समाजों और संगठनों के प्रतिनिधी भी शामिल हुए। अभिभाषक संघ ने दो दिन पहले इस आंदोलन को जन आंदोलन का रूप देने का निर्णय शनिवार को सर्व समाज के साथ बैठक की गई और निर्णय लिया गया था की सोमवार को नीमच के बाजार दोपहर तक बंद रहेंगे। इसी तारतम्य में अभिभाषक संघ का विभिन्न सामाजिक,साहित्यिक संगठनों का भी समर्थन मिला और सोमवार को सुबह से ही नीमच शहर पूर्णतः बंद रहा। शहर के व्यापारी संस्थान, निजी प्रतिष्ठान व अन्य संस्थान बंद रहे।

नीमच में हाल ही में बने नए कोर्ट भवन में वकीलों और आम पक्षकारों के बैठने की पर्याप्त सुविधा नहीं है। इसी कारण 1 अप्रैल से जिला अभिभाषक संघ ने नए कोर्ट भवन का बहिष्कार कर आंदोलन शुरू किया है। वकीलों का कहना है कि वे न्याय व्यवस्था के अहम अंग हैं। लेकिन उनके लिए मूलभूत सुविधाओं का अभाव है।अभिभाषक संघ ने अपनी मांगों को लेकर स्थानीय न्यायालय प्रशासन और जबलपुर की न्यायिक इकाइयों को अवगत कराया है। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को भी इस मुद्दे की जानकारी दी गई है। अभी तक किसी भी स्तर से समाधान नहीं मिला है।

अभिभाषक संघ के अध्यक्ष मनीष जोशी ने कहा कि जब तक कोर्ट परिसर में उचित बैठक व्यवस्था नहीं होगी, आंदोलन जारी रहेगा। संघ ने आने वाले दिनों में उग्र कदम उठाने की चेतावनी दी है।

## एक नजर में

### दिव्यांग छात्रावास की स्थापना एवं संचालन स्कूल शिक्षा विभाग ने छात्रावास निर्माण के लिए बजट में किया है प्रावधान

**मंदसौर।** प्रदेश के संभागीय मुख्यालयों पर दिव्यांग विद्यार्थियों के लिये 50 सीटर बालक और 50 सीटर बालिका दिव्यांग छात्रावास निर्माण के लिये प्रति इकाई 3 करोड़ 50 लाख रुपये की स्वीकृति स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लोक निर्माण विभाग को दी गयी है। दिव्यांग छात्रावास का निर्माण संभागीय मुख्यालय पर स्थित ऐसे स्कूलों में किया जायेगा, जहाँ सह-शिक्षा उपलब्ध है। वर्तमान में ऐसे दिव्यांग विद्यार्थी, जो कक्षा 8वीं तक की शिक्षा राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित छात्रावास में रहकर पास करते हैं, उन दिव्यांग विद्यार्थियों को कक्षा-9 और उससे ऊपर की कक्षाओं में पढ़ाई के लिये राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित छात्रावास में व्यवस्था की गयी है। स्वीकृत छात्रावासों में से ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, शहडोल तथा नर्मदापुरम में निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। शेष संभागीय मुख्यालयों में कार्य प्रगति पर है।

### इस्कॉन मंदिर में हर्षोल्लास के साथ मनाया भगवान श्रीरामचंद्र का प्राकट्य दिवस रामनवमी का पर्व



**नीमच।** शहर में इस्कॉन मंदिर पर भगवान श्रीरामचंद्र का प्राकट्य दिवस रामनवमी पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाअभिषेक के साथ हुई। इस्कॉन मंदिर पर श्रीरामनवमी महोत्सव देर रात तक चला। इस दौरान भगवान की महाआरती, छप्पन भोग, मनमोहक श्रृंगार किया गया। साथ ही नन्हे बालक-बालिकाओं द्वारा एक नाटक के माध्यम से भगवान श्रीरामचंद्र के प्राकट्य पर शानदार प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति में बताया गया है कि कैसे राजा दशरथ ने अपने गुरु के माध्यम से अग्निदेव के सामने प्रार्थना करके श्रीरामचंद्र को प्राप्त किया। श्रीराम नवमी महोत्सव की खुशी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जब हरे कृष्ण महामंत्र, रघुपति राघव राजा राम जैसे संकीर्तन भजन प्रस्तुत किए गए तो भक्त नृत्य करते हुए जयकारे लगाते रहे। इस्कॉन मंदिर की खास बात रही कि यहां जो भक्त आया उसे भगवान श्रीरामचंद्र का महाअभिषेक करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के अंत में भगवान को अर्पित महाप्रसादी का वितरण किया गया।

### केशव सिटी विस्तार का भव्य शुभारंभ मुख्यमंत्री के भतीजे सिद्धार्थ यादव ने किया



**नीमच।** राम नवमी के शुभ अवसर पर नीमच जिले वासियों के लिए केशव सिटी विस्तार कॉलोनी और ऑफिस का शुभारम्भ म.प्र. मुख्यमंत्री मोहन यादव के भतीजे सिद्धार्थ यादव के द्वारा किया गया। इस मौके पर सिद्धार्थ जी यादव और उनके मित्रगणो ने कॉलोनी का दौरा किया व कॉलोनी प्रोजेक्ट मैनेजर गिर्राज विजयवर्गीय से किश्तों में प्लाट देने के बारे मे जानकारी ली। प्रोजेक्ट मैनेजर गिर्राज विजयवर्गीय ने बताया नीमच जिले मे एक मात्र प्रोजेक्ट है जो किश्तों मे प्लाट उपलब्ध करा रहे है। जिसमे सभी मूलभूत सुविधाओ का समावेश डेवलप किया जाएगा। सिद्धार्थ यादव जी ने मिडिल क्लास व गरीब लोगो के लिए किश्तों मे आवासीय प्लाट देने की योजना की तारीफ की और पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व मे इस अच्छे कार्य के लिए श्री मान मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी द्वारा कम्पनी के डायरेक्टर श्री त्रिलोकचन्द्र जी सैन को दो बार सम्मानित किया जा चुका है। पहली कॉलोनी केशव सिटी के सफलता के बाद दूसरी कॉलोनी केशव सिटी विस्तार का लॉन्च किया गया। इस कॉलोनी के शुभारम्भ से पूर्व फॉरलेन मार्ग प्रस्तावित हुआ है जिससे आने वाले समय मे कॉलोनी फॉरलेन की कनेक्टिविटी मे भी आ जाएगी। इस मौके पर सम्मानित गण सुधीर जी जैन व कन्हैयालाल जी चौहान और ऑफिस के सभी कर्मचारी - केदार प्रसाद (साइड मैनेजर), दिपक जी,हेमंत, राजेन्द्र जी,धर्मेन्द्र, शाहिस्ता शेख, वंदना मेहरा और केशव सिटी परिवार के विनोद यादव, भानु मकवाना जी, मदन दीवान मौजूद थे।

### श्री गुर्जरखेड़ा धाम जावी में चैत्र नवरात्रि का हवन व कन्या पूजन संपन्न

**जावी।** नीमच जिला मुख्यालय से 12 किमी की दूरी पर जावी -



सरवानिया महाराज मार्ग पर स्थित दीन दुखियों का शरण स्थल ऐतिहासिक श्री गुर्जरखेड़ा धाम जावी में माँ नवदुर्गा के आराधना पर्व चैत्र नवरात्रि का समापन पूजन अर्चन, हवन के साथ हुआ। उक्त सन्दर्भ में जानकारी देते हुए श्री गुर्जरखेड़ा धाम मंदिर प्रबंध समिति पदाधिकारी एवं सेवादार समिति सदस्यों ने बताया की चैत्र नवरात्रि की नवमी सोमवार को पं. हरिओम तिवारी ने मंत्रोपचार से श्री गुर्जरखेड़ा धाम पर श्री वीरभद्र स्वरूप नाथों के नाथ श्री अगोरी नाथ और धर्मराज श्री गुर्जरखेड़ा सरकार सहित मन्दिर पर विराजमान सभी देवताओं का विधिविधान से पूजन अर्चन करवाया ततपश्चात वैदिक मंत्रोपचार के साथ हवन सम्पन्न हुआ। श्री गुर्जरखेड़ा धाम के सेवादारों ने माँ नवदुर्गा स्वरूप नौं कन्याओं का पूजन अर्चन किया ओर आशीर्वाद लिया ततपश्चात महाआरती हुई। नवरात्रि महोत्सव के सफल संचालन में श्री गुर्जरखेड़ा धाम मंदिर प्रबंध समिति, सेवादार समिति एवं भक्तजन का सराहनीय सहयोग रहा।

# पोषण पखवाड़ा 8 से 22 अप्रेल तक चलेगा




**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग की अध्यक्षता में पोषण पखवाड़ा अभियान की बैठक सुशासन भवन स्थित सभागार में आयोजित हुई। यह पोषण पखवाड़ा 8 अप्रेल से 22 अप्रेल 2025 तक जिले में चलाया जाएगा। सभी संबंधित विभागों को आयोजन को सफल बनाने एवं उचित सहयोगी प्रदान करें। प्रभारी**

जिला कार्यक्रम अधिकारी पीसी चौहान द्वारा पोषण पखवाड़ा की जानकारी प्रजेन्?टेशन के माध्?यम से दी। जीवन के प्रथम 1000 दिवस केंद्रित गतिविधियां द्य पोषण ट्रैकर में लाभार्थी मॉडयुल को लोकप्रिय बनाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार द्य ष्ट्रूरू (समुदाय आधारित पोषण प्रबंधन) मॉरुडयुल के माध्यम से कुपोषण का प्रबंधन द्य बच्चों में मोटापे को दूर करने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने पर बल की थीम है। बैठक के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल, जिलाधिकारी मौजूद थे।

### कलेक्टर द्वारा पोषण की शपथ दिलाई गई

शपथ – मैं सातवें राष्ट्रीय पोषण पखवाड़े के शुभ अवसर पर प्रतिज्ञा करती हूं कि मैं अपने एवं परिवार के पोषण देखभाल हेतु अपने आंगनबाड़ी केंद्र के प्रति स्वयं एवं अपने परिवार को जागरूक बनाने का प्रयास करूंगी। जीवन के प्रथम 1000 दिवसों गर्भावस्था से लेकर शिशु के प्रथम 2 वर्ष के स्वास्थ्य गर्भवती महिला का शीघ्र पंजीयन, स्वास्थ्य जांच, टीकाकरण, टेक होम राशन, आयरन एवं कैल्शियम की गोलियां आदि हेतु प्रोत्साहित करूंगी। आंगनबाड़ी केंद्र के समस्त पात्र हितग्राहियों का पोषण ट्रेकर में पंजीयन एवं आधार सत्यापन सुनिश्चित करवाएंगे। ष्ट्रूरू अंतर्गत हमारे आस-पास के समस्त चिन्हित कुपोषित बच्चों के पोषण प्रबंधन में परिवार एवं कार्यकर्ता को सहयोग करूंगी। बच्चे स्वस्थ रहे एवं मोटापे से ग्रस्त ना हो इस हेतु उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने में सहयोग करुँगी।

# मंन्दसौर जिले के रक्त वीर महेश पाटीदार का सम्मान

**नाहरगढ।** माँ नर्मदा तट के इटारसी मध्यप्रदेश में 6 अप्रैल 2025 को अंतरराष्ट्रीय रक्तदाता प्रतिनिधि सम्मेलन में सभी राज्यों से आए रक्तवीरों में से एक मंन्दसौर जिले के छोटे से गांव बिल्लोद के रहने वाले महेश पाटीदार टीम राधे रक्तदाता ग्रुप मंन्दसौर को मानवीय डॉ सीतासरन शर्मा विधायक दर्शन सिंह चौधरी सांसद नर्मदापुरम द्वारा अंतरराष्ट्रीय सम्मान के साथ सम्मानित किया। ये मेरा सम्मान नही है ये मंन्दसौर मध्यप्रदेश के उन सभी रक्तविरो का का सम्मान है। नर्मदा तट इटारसी की इस पावन धरा को मंन्दसौर जिले की और से बहुत-बहुत व धन्यवाद प्रकट किया।







# विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित

**मन्दसौर। माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष डीएलएसए मंदसौर श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन एवं व्यव्हार न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मंदसौर सुधीर सिंह निगवाल की उपस्थिति में 07 अप्रैल 2025 को एडीआर सेंटर भवन मंदसौर में विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित की गई।**



उक्त आयोजित बैठक में विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम श्री सिद्धार्थ तिवारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए न्यायालय में लंबित विद्युत प्रकरणों में अधिक से अधिक संख्या में अप्राप्त वारंटों का निष्पादन कर अधिकतम निराकरण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रेलिटिगेशन एवं पेंडिंग प्रकरणों के अधिक संख्या में निराकरण के लिए और अधिक प्रयास के लिए निर्देश दिये। बैठक में अधीक्षण अभियंता राजेश जैन, विधि अधिकारी श्रीमती नेहा सोमपुरा, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती अपर्णा लोधी, अधिवक्ता संदीप भार्गव उपस्थित थे।

# विद्युत उपभोक्ताओं की शिकायतों के हल हेतु न्यायिक शिविर 16 को

**मंदसौर। विद्युत विभाग अधीक्षणयंत्री द्वारा बताया गया कि 16 अप्रैल 2025 को म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं.लि., मंदसौर वृत्त में आयोजित होगा उपभोक्ता शिकायत निवारण शिविर।**

**म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड के लिए गठित विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम, इंदौर/उज्जैन द्वारा 16 अप्रैल 2025 को मंदसौर मुख्यालय स्थित श्रम कल्याण केंद्र, चंबल कॉलोनी, मंदसौर में दोपहर 03:00 बजे से 05:00 बजे तक एक न्यायिक शिविर का आयोजन किया जाएगा।**

इस शिविर में मंदसौर, मल्हारगढ़, गरोठ एवं सीतामऊ संभागों के विद्युत उपभोक्ताओं द्वारा प्रस्तुत लिखित परिवादों की सुनवाई माननीय फोरम सदस्यों की उपस्थिति में की जाएगी।

शिकायत पंजीयन हेतु आवेदन पत्र उपभोक्ताओं को कार्यालयों में निःशुल्क उपलब्ध कराए जा रहे हैं,शिकायतें 16 अप्रैल 2025 को शिविर स्थल पर भी स्वीकार की जाएंगी।

संबंधित सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे अपनी लंबित शिकायतों का निराकरण इस अवसर पर प्राप्त करने हेतु समय पर उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाएं।



# पुलिस को चकमा देकर कांग्रेसियों ने किया मुख्यमंत्री का पुतला दहन

**नीमच।** कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं ने सोमवार को सीएम मोहन यादव का पुतला जलाया और विजय टाकीज चौराहा पर जमकर नारेबाजी की। आय से अधिक संपत्ति मामले में सौरभ शर्मा की जमानत होने पर ये विरोध किया गया।

सौरभ शर्मा की जमानत के विरोध में प्रदेश भर में प्रदर्शन भोपाल में सौरभ शर्मा के यहां से 52 किलो सोना और 11 करोड़ रुपए से अधिक नकदी बरामद हुई थी। कांग्रेस का आरोप है कि प्रशासन और शासन की लापरवाही के कारण आरोपी को जमानत मिल गई। कांग्रेस का आरोप है कि स्वयं मुख्यमंत्री के पास गृह विभाग है। फिर भी प्रशासन की लापरवाही के कारण सही न्याय नहीं हो पा रहा है। पुलिस के आरोप पत्र दाखिल न करने के कारण सौरभ शर्मा को जमानत मिली है। यह सरकार की लापरवाही और भ्रष्टाचार को दर्शाता है।

**पुलिस को दिया चकमा और कर दिया पुतला दहन :-** मुख्यमंत्री के पुतला दहन के दौरान पुलिस कर्मी भी उपस्थित थे। मगर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुलिस को चकमा देते हुए गली में पुतला जलाया और फिर उसे मुख्य मार्ग पर ले आए। पुतला दहन रोकने हेतु पुलिस द्वारा फायर ब्रिगैड वाहन की भी व्यवस्था की गई थी लेकिन उसके पहुँचने के पहले ही पुतला दहन कर दिया गया।

**एक नजर** जावद तहसील न्यायालय में नवनिर्मित मध्यस्थता केंद्र का वर्चुअल शुभारंभ

# मध्यस्थता न्यायिक प्रक्रिया को सरल, त्वरित एवं कम खर्चिला बनाती है : प्रधान न्यायाधीश

**नीमच। मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच, वीरेंद्र सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में तहसील न्यायालय जावद में नवनिर्मित मध्यस्थता केंद्र भवन का वर्चुअल शुभारंभ संपन्न हुआ।**

**इस अवसर पर मुख्य न्यायाधिपति, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण सुरेश कुमार कैत, माननीय न्यायाधिपति, कार्यपालक अध्यक्ष, मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण संजीव सचदेवा, एवं माननीय न्यायाधिपति, उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर एवं पोर्टफोलियो जज नीमच श्री गजेंद्र सिंह, वर्चुअल मौजूद रहे। उनके कर-कमलों से वर्चुअल रूप से तहसील मध्यस्थता केन्द्र का अनावरण किया गया।**



कार्यक्रम में विशेष रूप से जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति जावद विनोद कुमार पाटीदार, तहसील अभिभाषक संघ जावद के अध्यक्ष विजय जोशी, जिला न्यायाधीश संदीप जैन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि कुमार बोरासी, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीमच शोभना मीणा, न्यायिक मजिस्ट्रेट पुष्पा तिलगाम एवं श्री रवि वर्मा उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत ने अपने उदबोधन में कहा, कि मध्यस्थता प्रणाली न्यायिक प्रक्रिया को सरल, त्वरित एवं कम खर्चीला बनाती है।

इससे पक्षकारों के बीच आपसी समझ और सुलह की भावना विकसित होती है, जिससे दीर्घकालिक विवादों का समाधान सहज रूप से संभव हो पाता है। नवनिर्मित केंद्र के माध्यम से अब जावद तहसील क्षेत्र में भी मध्यस्थता के प्रभावी क्रियान्वयन को साकार रूप मिलेगा।

कार्यक्रम में तहसील अभिभाषक संघ जावद के पदाधिकारीगण एवं अधिवक्तागण उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं के साथ विधिक विषयों एवं मध्यस्थता की कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की गई।